

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बुधवार 20 मई 2026 बर्ष 02 अंक 133 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

अगर आप सफल होना चाहते है, तो अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानिए। सोचने में समय व्यर्थ मत कीजिए, अभी अपना कार्य प्रारंभ कर दें।

## नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत प्रतीक – डॉ. पीके मिश्रा, 219 छात्रों को मिली उपाधि, आठ छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह (स्नातकोत्सव) मंगलवार को नव–निर्मित 2000–सीटर 'विश्वामित्रालय' सभागार में हुआ। यह आयोजन वैश्विक शैक्षणिक सहयोग, नवाचार और ज्ञान आधारित भविष्य की दिशा में विश्वविद्यालय की बढ़ती भू. मिका को रेखांकित करता नजर आया। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं है बल्कि एक सभ्यतागत प्रतीक है। 21वीं सदी में जिम्मेदार ज्ञान की आवश्यकता है। आज मानवता के पास अभूतपूर्व तकनीकी क्षमताएं हैं, किंतु सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि ज्ञान, विवेक, नैतिकता, करुणा और मानवीय उत्तरदायित्व से जुड़ा रहे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि नालंदा की कहानी केवल अतीत की कहानी नहीं है, बल्कि भविष्य की भी कहानी है। नालंदा का पुनरुद्धार भारत की उस मूल भावना को अभिव्यक्त करता है, जिसमें उदारता, बहुलतावाद, संवाद और जिज्ञासा को मानवता के भविष्य के लिए अनिवार्य मूल्य माना गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि नालंदा एक सभ्यतागत पारिस्थितिकी तंत्र है। इसने भारत को एशिया से विचार, ज्ञान और आध्यात्मिक विमर्श के माध्यम से जोड़ा। उन्होंने कहा कि नालंदा का पुनरुत्थान एक सभ्यतागत विचार की पुनर्प्राप्ति है। राज्यपाल ने नालंदा कॉरिडोर की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि नालंदा, बोधगया, राजगीर, वैशाली और विक्रमशिला को जोड़ने वाली यह जीवंत सांस्‍तिक भूगोल ज्ञान, नैतिकता और आध्यात्मिक विरासत का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि जहां प्राचीन नालंदा मानवता की ज्ञान–खोज का प्रतीक था, वहीं नया नालंदा मानवता की विवेक–खोज का प्रतीक बनना चाहिए। कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय की पुनरुत्थान यात्रा और उसके भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब अधिक सुदृढ़ीकरण और तीव्र प्रगति के चरण में प्रवेश कर चुका है। अकादमिक उत्कृष्टता, वैश्विक सहभागिता और बौद्धिक नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रो. चतुर्वेदी ने घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी स्टडीज, डाटा साइंस एंड आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस जैसे नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा।



उन्होंने यह भी बताया कि अगस्त 2026 से नालंदा स्पिरिट नामक एक नया पाठ्यक्रम भी आरंभ किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि एक जीवंत भावना है। विश्वविद्यालय गैर–पश्चिमी ज्ञान परंपराओं, तुलनात्मक सभ्यता अध्ययन, पर्यावरणीय चिंतन और एशियाई ज्ञान प्रणालियों पर आधारित वैश्विक संवाद का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।



इस कार्यक्रम में विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) रुद्रेंद्र टंडन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। वहीं विदेश मंत्रालय के नालंदा प्रभाग की संयुक्त सचिव अर्चना नायर सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद् शामिल हुए। समारोह में 14 देशों के कुल 219 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयी। वियतनाम, बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार सहित विभिन्न देशों के विद्यार्थियों की उपस्थिति ने विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को दर्शाया। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 08 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए, जिनमें 07 छात्राएं शामिल रहीं। दीक्षांत समारोह के उपरांत मुख्य अतिथि डॉ. पीके मिश्रा द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय में 'कौटिल्य सेंटर फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग' का उद्घाटन भी किया गया।




## मलमास मेला – तीसरे दिन 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजकीय पुरुषोत्तम मास मेला के तीसरे दिन मंगलवार को 70 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगायी। सबुह चार बजे से ही परिसर में कतार में लोग खड़े हो गये। यहां आने वाले श्रद्धालुओं में खासकर स्नान करने वालों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। श्रद्धालु ट्रेन से आने लगे हैं। जिस समय ट्रेन राजगीर आती है उस समय सड़कों पर जाम का नजारा हो जाता है। ये श्रद्धालु यहां के विभिन्न कुंडों में डुबकी लगाकर 33 कोटि देवी–देवता का आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर कुमार उपाध्याय ने बताया कि धीरे–धीरे तीर्थयात्रियों की भीड़ में वृद्धि हो रही है। श्रद्धालुओं को प्रवेश से लेकर निकासी तक के बीच बेहतर सुरक्षा कवच की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता रही है कि मेला के दौरान 33 कोटि देवी–देवता का राजगीर में



ही वास होता है। इस दौरान यहां के कुंडों में स्नान का काफी महत्व है। मनोकामएं पूरी होती है। वहीं वैतरणी नदी घाट में तो एक तट से दूसरे तट को गाय की पूंछ पकड़कर पार करने से सीधे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## मगध रेंज पुलिस की बड़ी सफलता

### अपहृत 4 वर्षीय मासूम आदविक सकुशल बरामद




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट औरंगाबाद (नालंदा)।** विकास वैभव के कुशल निर्देशन में गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद जिले से अपहृत 4 वर्षीय मासूम बच्चे 'आदविक' को सकुशल बरामद कर लिया। इस सफल अभियान के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली की व्यापक सराहना हो रही है। बताया गया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मगध रेंज के आईजी के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। टीम ने लगातार छा. पेमारी और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए मासूम बच्चे को सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया।एक ओर जहां Let's Inspire Bihar मुहिम के माध्यम से विकास वैभव शिक्षा, समता और उद्यमिता को बढ़ावा देकर सक. ारात्मक एवं विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिसिंग में उनका संवेदनशील और सख्त दृष्टिकोण अपराधियों के खिलाफ प्रभावी साबित हो रहा है। मासूम बच्चे की सकुशल बरामदगी से परिवार में खुशी का माहौल है। इस सफल ऑपरेशन के लिए आईजी विकास वैभव, एसआईटी और औरंगाबाद पुलिस की पूरी टीम को लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## चोरसुआ में पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 529 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (नालंदा)।**पावापुरी थाना क्षेत्र के चोरसुआ गांव में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में कुल 529.500 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। हालांकि मुख्य आरोपी राजीव कुमार उर्फ बदमशवा अपने साथियों के साथ मौके से फरार होने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार 19 मई 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरसुआ गांव में एक गुमटी, डीप फ्रीजर और जमीन में गाड़े गए बक्सों में विदेशी शराब छिपाकर रखी गई है तथा इसकी बिक्री की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी राजगीर अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी को दी गई। उनके निर्देश पर गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।गठित टीम ने सुबह करीब 7:20 बजे चिन्हित स्थानों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने विभिन्न ब्रांड की बीयर और व्हिस्की बरामद की। बरामद शराब में हेवर्ड्स 5000, बडवाइज़र मैग्नम, मैजिक मोमेंट्स, रॉयल स्टैग, ब्लेंडर्स प्राइड और एंटिक्विटी ब्लू जैसे ब्रांड शामिल हैं। पुलिस ने मौके से एक डीप फ्रीजर और टीन का बक्सा भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी राजीव कुमार उर्फ बदमशवा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले से बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। छापेमारी टीम में सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, विमल कुमार तिवारी, सिपाही बसंत कुमार ओझा एवं अभिषेक कुमार शामिल थे। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।




# बिहारशरीफ में लंदन सिटी सह डिज्नीलैंड मेले का भव्य शुभारंभ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहारशरीफ के श्रम कल्याण केंद्र मैदान में लंदन सिटी सह डिज्नीलैंड मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन रीना यादव एवं पूर्व एमएलसी राजू यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मेले में लंदन सिटी बाजार की तर्ज पर आकर्षक माहौल तैयार किया गया है, जहां लोगों को खरीदारी, मनोरंजन और खान–पान का अनूठा अनुभव मिलेगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, फैंटेसी राइड्स एवं कार्टून कैरेक्टर ज़ोन लगाए गए हैं। रंग–बिरंगी लाइटों से सजा मनोरंजन क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा मेले में स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल, गेम ज़ोन, वॉटर बोट, खिलौनों की दुकानें, सहारनपुर का सोफा, भदोही की कालीन तथा विभिन्न वस्त्रों के स्टॉल लगाए गए हैं। आयोजकों ने बताया कि यहां लोग एक ही स्थान पर कई प्रकार की खरीदारी का आनंद ले सकते हैं। युवाओं एवं युवतियों के लिए विशेष मार्केटिंग ज़ोन की भी व्यवस्था की गई है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रीना यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय लोगों को मनोरंजन, खरीदारी और खान–पान की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हैं। साथ ही इससे छोटे व्यापारियों एवं दुकानदारों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं।




उन्होंने कहा कि लंदन सिटी बाजार जैसे आयोजन सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के साथ–साथ आम जनता के लिए भी काफी उपयोगी साबित होते हैं। मेले के आयोजक आशीष कुमार ने बताया कि इस बार का लंदन सिटी सह डिज्नीलैंड मेला नालंदा के इतिहास का सबसे भव्य आयोजन बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभव का शानदार अवसर प्रदान करेगा।



# मुरौरा पंचायत में लगा सहयोग शिविर
## डीएम ने मौके पर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।**आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बिहारशरीफ प्रखंड के मुरौरा पंचायत सरकार भवन में "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं आवेदनों का निष्पादन कराया। जिला पदा. धिकारी ने स्वयं शिविर में उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण के लिए गुड्डी कुमारी, ममता देवी, लालमुनी देवी, पूनम देवी एवं गुड़िया देवी को राशि भुगतान करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। वहीं खुशबू कुमारी, रेखा देवी, रूना देवी एवं धन्मंती देवी को इंदिरा आवास योजना का लाभ प्रदान किया गया। सुखिया देवी एवं निर्मला देवी को आवास योजना की तीसरी किस्त की राशि भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में रागिनी कुमारी, श्लोक एवं अंजली कुमारी को जन्म प्रमाण पत्र तथा विनोद कुमार को राशन कार्ड का प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा रंजू देवी, सुनील प्रसाद, जूली देवी एवं राजू कुमार सहित अन्य लाभुकों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पीएचईडी से 08, विद्युत विभाग से 01, चिकित्सा विभाग से 03, कल्याण विभाग से 01, कृषि विभाग से 06, ग्रामीण विकास विभाग से 06, बाल विकास परियोजना से 01, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से 05, सामाजिक सुरक्षा कोषांग से 05, अंचल कार्यालय से 10 तथा श्रम अधीक्षण कार्यालय से 05 आवेदन शामिल थे। प्राप्त सभी आवे. दनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि लोगों को सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और पंचायत स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने नाली के पानी की निकासी नहीं होने की समस्या उठाई। इस पर डीएम ने उप नगर आयुक्त को तत्काल कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से भी नाली निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त नगर निगम, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजगीर मलमास मेला 2026 को लेकर प्रशासन अलर्ट
## डीएम कुंदन कुमार ने देर रात मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर विशेष फोकस

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राजगीर में आयोजित होने वाले राजकीय मलमास मेला 2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। दिनांक 18 मई 2026 को कुंदन कुमार ने देर रात्रि मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, विधि–व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया। राजकीय मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक किया जा रहा है। इस दौरान देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु राजगीर पहुंचकर ब्रह्मकुंड में स्नान करेंगे। प्रशासन के अनुसार शाही स्नान के अवसर पर लगभग 2 से 2.50 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रथम शाही स्नान 27 मई 2026, द्वितीय शाही स्नान 31 मई 2026 तथा तृतीय शाही स्नान 11 जून 2026 को आयोजित होगा। इसके अलावा 21 मई एवं 15 जून को भी अत्यधिक भीड़ उमड़ने की संभावना जताई गई है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगभग 950 दंडाधिकारी, 530 पुलिस पदाधिकारी, 100 होमगार्ड तथा घुड़सवार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में 550 सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन, मैन पैक, ड्रेगन लाइट एवं नाइट विजन उपकरणों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए ब्रह्मकुंड परिसर में विशेष जिग–जैग बैरिकेडिंग बनाई गई है। संवेदनशील स्थानों पर डबल लेयर बैरिकेडिंग एवं विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से आगे बढ़ने की अपील की गई है ताकि किसी प्रकार की भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 14 आवासन स्थल बनाए गए हैं, जिनमें जर्मन हैंगर एवं वाटरप्रूफ पंडाल शामिल हैं। स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में 6000 लोगों की क्षमता वाली टेंट सिटी तैयार की गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत 8 अस्थायी अस्पताल, 18 स्वास्थ्य शिविर, 16 एम्बुलेंस एवं 4 चलंत चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति की गई है। केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे स्वास्थ्यकर्मी एवं पारामेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगे।



पेयजल के लिए 300 प्याऊ, 20 नए चापाकल, 125 स्टैंड पोस्ट तथा 15 पेयजल टैंकर की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन लगभग 3 लाख श्रद्धालुओं तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की तैयारी की गई है। वहीं पूरे मेला क्षेत्र को तीन सफाई जोन में बांटकर तीन पालियों में सफाई व्यवस्था लागू की गई है। इसके लिए 617 मजदूर, 87 पर्यवेक्षक एवं कई वाहन लगाए गए हैं। नियमित फॉगिंग, ब्लीचिंग एवं चूना छिड़काव की भी व्यवस्था की गई है। अग्निशमन व्यवस्था के तहत 30 फायर फाइटिंग वाहन एवं 250 अग्निशमन कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो 24 घंटे कार्यरत रहेंगे। संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए ब्रह्मकुंड परिसर में रेड कॉरिडोर बनाया गया है। एसडीआरएफ की 21 सदस्यीय टीम, 180 आपदा मित्र एवं राहत–बचाव दल की प्रतिनियुक्ति की गई है। ब्रह्मकुंड, सप्तधारा एवं निकास द्वार पर पहली बार ऑडियो–वीजुअल कैमरे लगाए गए हैं। परिवहन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पटना, बख्तियारपुर, गया, जहानाबाद एवं नवादा से राजगीर के लिए रिंग बस सेवा चलाई जाएगी। 12 पार्किंग स्थल एवं 20 ट्रैफिक चेक पोस्ट बनाए गए हैं। ई–रिक्शा एवं टोटो के लिए विशेष रूट एवं किराया निर्धारित किया गया है। मेला क्षेत्र में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विकास योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जहां श्रद्धालुओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी एवं मंदिर समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।





# हरनौत बाजार के पटेल नगर मोहल्ले में बंद पड़े घरों से अज्ञात चोरों ने ताला काटकर जेवरात समेत 1 लाख रुपए की समान किया चोरी



**केशववाणी संवाददाता राकेश कुमार हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत हरनौत बाजार के मोहल्ले में एक बार फिर से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामला सोमवार की मध्य रात्रि की बताई जा रही ही जहां चोरों ने बंद पड़े घरों को निशाना बनाते हुए जेवरात समेत नगद और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। मोहल्ले में इतनी बड़ी घटना हो गई उसके बावजूद भी पड़ोसी लोगों को भनक तक भी नहीं लगी। मकान मालिक अखिलेश्वर कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से घर में ताला लगाकर शेखपुरा गए हुए थे। आज मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे पड़ोसी के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना मिली कि घर के में गेट का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर तो देखा कि में गेट का ताला टूटा कटा हुआ है। जब अंदर प्रवेश किया तो सभी कमरा का भी ताला कटा हुआ था और रूम में रखें अटैची,बक्सा से सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के पड़ोसी लोग जमा हो गए। मकान मालिक ने बताया कि अटैची में रखें आठ आना भर के एक जोड़ा सोने का कान वाली, बेशर, चांदी का पायल, 27 हजार रुपए नगद समेत अन्य महंगे सामान गायब था। जिसकी कुल कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई है। वही पड़ोसी भाजपा नेता सनी कुमार पटेल ने बताया कि अज्ञात चोरों ने कटर मशीन से सभी ताला को काटकर घटना को अंजाम दिया है। चोरी हो जाने से मोहल्ले वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वह घटना के संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंचकर जांच में जुट गई है।आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज के द्वारा चोरों की पहचान की जा रही है जल्द ही मामले का उद्वेदन किया जाएगा।

# जलपरी देखने को जुट रहे दर्शक मौत कुंआ लोगों को कर रहा रोमांचित



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला के तीसरे दिन भी लोगों ने खेल तमाशों का लुफ्त उठाया। लोग मौत कुंआ में लड़की व लड़के को मोटरबाइक व कार चलाते देखने का रोमांच छोड़ना नहीं चाहते हैं। यह सालों से राजगीर के मलमास मेला में आता है। इस बार मेला में जलपरी भी लाया गया है। हालांकि जलपरी में अश्लीलता ही परोसा जा रहा है। लोगों ने कहा कि यह मेला धार्मिक मेला है। ऐसे में जलपरी के रूप में अश्लीलता परोसना उचित नहीं जान पड़ता है। यह सनातन धर्म का मेला है। इसमें थियेटर हो चाहे सर्कस हो चाहे जलपरी सबों में अश्लीलता ही परोसा जाता है। इन्हीं सब कारणों से 2015 में प्रशासन ने साधु–संतों की मांग पर थियेटर के संचालन पर पाबंदी भी लगायी थी। उस मेला में यहां पर जागरण हुआ था। लोग यह बताते हैं कि सालों पहले थियेटर में नाटक मंचन हुआ करता था। मेला घुमने आने वाले परिवार के लोग भी इस नाटक को देखते थे और इसका भरपूर लुफ्त उठाते थे। अब थियेटर अश्लीलता का केन्द्र बनकर रह गया है। इस बार मेला में तीन थियेटर लगाये गये हैं। हालांकि मंहगी दर होने के कारण अभी थियेटर हाउस फूल नहीं चल रहा है। इस कारण संचालकों को परेशानी हो रही है। दिन के समय मेला क्षेत्र में सन्नाटा सा रहता है पर शाम होते ही मेला क्षेत्र में चहल–पहल बढ़ जाती है।

# हरनौत प्रखंड के बसनियावां में लगा सहयोग शिविर डीडीसी, मुख्यालय डीएसपी सहित अन्य रहे मौजूद



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** विकसित भारत समृद्ध बिहार के तहत स्थानीय प्रखंड के पंचायत सरकार भवन बसनियावां में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में उप विकास आयुक्त (डीसीसी) शुभम कुमार, डीएसपी (मुख्यालय) तारकेश्वर सिंह, बीडीओ डॉ पंकज कुमार, बीपीआरओ उमेश कुमार, बसनियावां मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार समेत अन्य मौजूद रहे ।इस दौरान बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने शिविर के उद्देश्य के बारे में आम ला. ेगों को जानकारी दी।डीसीसी ने शिविर में पेंशन ,आवास से संबधित परिवाद ,अंचल कार्यालय आदि से संबधित पहले से दिए एकीकृत शिकायत निवारण प्राणाली द्वारा प्राप्त आवेदन को समाधान करके प्रमाण–पत्र भी सौंपा।इसमें बसनियावां पंचायत के निवासी कुंदन कुमार का परिवारी सूची से संबधित आवेदन दो दिन पूर्व दिया गया था।साथ हीं पुनम कुमारी का पीएम आवास से संबधित था। वहीं मुखिया प्रतिनिधि श्याम सुंदर और धीरज कुमार सिंह ने ने बताया कि सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय के तहत जन समस्याओं के समाधान हेतु यह शिविर का आयोजन किया गया था।शिविर में पंचायत सरकार भवन के प्रथम तल्ला पर स्थित हॉल समेत विभिन्न कमरे में कुल 25 प्रकार के स्टॉल लगे थे।शिविर में बिजली विभाग,पेंशन,कृषि विभाग,स्वास्थय विभाग, जीवीका, पीएचईडी, पशुपालन, पुलिस विभाग,पंचायती राज विभाग, मनरेगा, साख्यंकि, सहकारिता, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पीएमएवाई आवास, समाजिक सुरक्षा कोषांग, शिक्षा विभाग,बाल विकास परियोजना, कल्याण विभाग ,श्रम विभाग सहित 25 प्रकार के स्टॉल लगे थे।स्टॉल पर प्रतिनियुक्त कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे।इसमें बीएओ ब्रजकिशोर चरण,गोखुलपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सुमन,विकास मित्र के कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा रवि, जीवीका बीपीएम मो. अफताब आलम सहित अन्य मौजूद थे। मुखिया प्रतिनिधि श्री कुमार ने बताया विभिन्न विभ. ागों से तकरीबन 500 आवेदन प्राप्त हुए।जिसमें से सर्वाधिक आवेदन मनरेगा ,राजस्व आदि से संबंधित था।उन्होंने बताया कि शिविर में बीडीओ ,बीपीआरओ सहित अन्य अधिकारी आवेदनों के निष्पादन में जुटे थे। उन्होंने बताया कि आवेदन देने कि तिथि से 30 दिन के अंदर दिए गए जन समस्या के आवे. दनों को हर हाल में निष्पादन करना होगा। साथ ही उसे पोर्टल पर भी चढ़ा दिया जाएगा। निष्पादित किए गए आवेदनों की स्थिति जानने के लिए टोल फ्री नंबर 1100 पर स्वयं भी सुबह 8:00 से शाम 8:00 बजे तक जान सकते हैं। शिविर आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल को फुल आदि से सजाया गया था।शिविर में बसनियावां,नर्चवार,खयथुआ,गंगटा, महिमाचक,शाहपुर,अमैत्रा,तिस्कुरवा सहित अन्य गांव से हजारों की संख्या लोग पहुचें थे।शिविर में जनता के लिए शुद्ध पेयजल,बैठने के लिए कुर्सिया ,सहयोग के लिए कर्मि,सुरक्षा के लिए गोखुलपुर पुलिस ,नाश्ता आदि की व्यवस्था की गयी थी।इस दौरान लोगों ने इस शिविर की सराहना की।मौके पर अंचालिकारी पुजा कुमारी ,समाजसेवी चंद्रोदय कुमार ,मुखिया शकुंतला देवी,पंचायत समिति सदस्य विनिता देवी, प्रखंड हेड कर्लक कौशल कुमार,कर्लक अनिल कुमार,पंचायत सचिव शंकर रजक ,अंचल लिपक मनीष आवास सहायक रजनीश ,राजू ,शिवकुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# चौरिया में सहयोग शिविर का आयोजन

## स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने किया निरिक्षण




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" के सफल, सुव्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख संचालन को लेकर बिहार सरकार में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सह नालंदा जिले के प्रभारी सचिव( विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की निगरानी को मजबूत करने के लिए) कुमार रवि चौरिया पंचायत मंगलवार को पहुचे थे। चौरिया पंचायत सरकार भवन पर सहयोग शिविर लगा था।शिविर में प्रधान सचिव के अलावा नालंदा डीडीसी शुभम कुमार सहित अन्य असफर मौजूद थे।इस दौरान प्रधान सचिव श्री रवि करिब एक घंटा तक शिविर स्थल पर ठहरे।विभिन्न जन समस्याओं को सुना एवं निष्पादित करने का आदेश संबधित अफसर को दिए। ज्ञात हो कि बिहार में विकास कार्यों को गति देने और जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। जिलें में आईएएस श्री रवि को प्रभारी सचिव की नियुक्ति की ग ई। कहा 30 दिन के अंदर अगर पदाधिकारी मामलों का निष्पादन नहीं कर पाते हैं तो 31वें दिन वह स्वतरू निलंबित माने जाएंगे।साथ हीं ऐसे पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं चौरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेश सिंह ने बताया कि शिविर में राजस्व,आवास योजना सहित अन्य विभाग के 20 कॉउंटर लगे थे।जिसमें चौरिया,गोखुलपुर,बोधनगर सहित अन्य गांव से तकरिबन ढाई सौ आवेदन प्राप्त हुए।इस दौरान पहले से प्राप्त आवेदन को निष्पादन किया गया। मौके पर बीडीओ डॉ पंकज कुमार,सीओ पुजा कुमारी,पंचायत सचिव अशोक रजक ,कांग्रेस राऊत,अरूण पासवान,संजय कुमार सिंह,सुवे जयादार सहित अन्य मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने हरनौत के एपीएचसी गोखुलपुर मठ का किया निरिक्षण




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सह नालंदा जिला के प्रभारी सचिव कुमार रवि ने मंगलवार को हरनौत प्रखंड के चौरिया पंचायत में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र(एपीएचसी) गोखुलपुर मठ का औचक निरिक्षण किया।उन्होनें ओपीडी,दवा भंडार, रजिस्ट्रेशन काउंटर,वार्ड ,भंडारण रजिस्टर , स्टाफ की उपस्थिति आदि का निरीक्षण व जांच किया।निरीक्षण के दौरान नालंदा डीडीसी शुभम कुमार,सिविल सर्जन डॉ जय प्रकाश सिंह ,बीडीओ डॉ पंकज कुमार,हरनौत पीएचसी के प्रभारी डॉ राजीव कुमार रंजन सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।वहीं हरनौत पीएचसी के प्रभारी डॉ सिन्हा ने बताया कि एपीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होनें ने बताया कि यह अस्पताल छ: बेड का है।जिसमें विभिन्न प्रकार के दवाएं उपलब्ध है।इसका संचालन सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक होता है।लेकिन ग्रामीणों की मांग है कि चौबिंस घंटा कि सुविधा मिलें।क्योंकि रात के समय कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल में जाने में समस्याएं आती है।उन्होनें बताया कि निरिक्षण में दवा के ,भंडारण रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया जिसको लेकर निर्देश दिया गया। बोले– लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वहीं आईएएस श्री रवि सहित अन्य वरिय अफसर के आगमन की भनक सुनते हीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी सहित अन्य विभाग में खलबली मची रहीं।मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम श्याम कुमार निर्मल, डीएसपी( मुख्यालय) तारकेश्रर प्रसाद सिंह ,थानाध्यक्ष संतोष कुमार सुमन,डॉ अमरेद्र कुमार ,जीएनएम प्रियंका, एएनएम में सरिता,विभा व रीना, डीईओ राकेश समेत अन्य मौजूद थे।



# राजगीर मलमास मेला के सांस्कृतिक मंच पर बिखरी बिहार की लोक संस्कृति की अनुपम छटा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर मलमास मेला 2026 के सांस्कृतिक मंच पर बिहार की समृद्ध लोक परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत की अद्भुत झलक देखने को मिली। "प्रयत्नम" नालन्दा द्वारा आयोजित लोक नृत्य कार्यक्रम में पारंपरिक जीजिया एवं झूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने उप. स्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार की लोक कला, लोक संस्कृति एवं पारंपरिक धरोहर का संरक्षण और संवर्धन करना था। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों तथा सजीव भाव–भंगिमाओं के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक आत्मा को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत. साहवर्धन किया और कार्यक्रम की भूरी–भूरी प्रशंसा की। इस सांस्कृतिक प्रस्तुति में कलाकार संदीप कुमार, विकास कुमार, प्रिया मुस्कान एवं पायल कुमारी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोक संस्कृति की




सुंदरता को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत लोक नृत्यों की कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर शंकर कुमार द्वारा की गई, जिनके कुशल निर्देशन ने कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की।इस अवसर पर जिला कला पदाधिकारी शालिनी प्रकाश ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ बिहार की लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। "प्रयत्नम" नालन्दा के सचिव कुमार गौरव एक ऊर्जावान कलाकार एवं प्रशिक्षक हैं, जो विभिन्न स्थानों पर जाकर मगही संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में संस्था लगातार बिहार की लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

# हृदय गति रुकने से एक शिक्षक की मौत



**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जीवनपुर में तैनात नियोजित शिक्षक विनोद कुमार का हृदय गति रुकने से मंगलवार को मौत हो गई।वे चंडी प्रखंड के गौरी गांव के निवासी थे।प्रतिदिन की भांति विद्यालय पहुँचे थे।अचानक बेहोश हो जाने पर विद्यालय के के प्रधान शिक्षिका प्रियंका कुमारी द्वारा उनके परिवार को सूचना देते हुए अन्य लोगो के सहयोग से इलाज के लिए चंडी अस्पताल ले जाया गया जहाँ उनके परिजन भी माजूद थे।इलाइज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया।वहीं मतृक शिक्षक के परिजनो ने बताया कि कई महीनों से वेतन नहीं मिलने एवं उनकी बेटी की शादी का बोझ की चिंता से इधर वो कई दिनों से मानसिक दबाब में रह रहे थे।

# भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** प्रखण्ड में मौसम का मिजाज पूरे उफान पर है। बढ़ती तपिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर को ढक कर चल रहे है। सुबह दस बजते ही इसका असर दिखने लगता है। रोज कमाने खाने वाले कामगारों को अधिक परेशानी हो रही है। चिलचिलाती धूप के कारण लोग दिन का काम जैसे तैसे निपटा कर सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक अपने अपने घरों में दुबके रहते हैं। दोपहर के समय कुछ सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। इसका असर व्यापार जगत पर भी पड़ रहा है। एक ओर प्रचंड गर्मी और दूसरी ओर कुछ क्षेत्रों में अनियमित विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान हैं।दूसरी ओर मच्छर का प्रकोप भी बढ़ गया है। बीते पांच दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण जल स्त्रोतों का स्तर भी नीचे जा रहा है। चापाकल की हैडल पहले की उपेक्षा टाईट होता जा रहा है।कुएं में रस्सी की लंबाई बढानी पड़ रही है।वहीं तरबूज, खीरा, कंकड़ी की बिक्री बढ़ रही है। प्रखंड में तापमान की स्थिति 19 मई को 28 से 37 डिग्री सेल्सियस रहा है। इधर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रजन सिन्हा ने लोगों को सावधानी बरतने को कहा है। कहा है कि जरूरी काम में ही घर से बाहर निकलें, बाहर निकलने के समय कम से कम एक लीटर पानी पीकर बाहर जाएं। नीबू पानी, खीरा तरबूज का अधिक सेवन करें।

# गरीब दुकानदारों के समर्थन में उतरे वार्ड पार्षद अजय कुमार

**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टु की रिपोर्ट' राजगीर(नालंदा)।** राजगीर नगर परिषद के वार्ड संख्या 24 के पार्षद अजय कुमार ने मलमास मेला क्षेत्र में फुटपाथी एवं ठेला दुक. ानदारों पर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में अनुमंडलाधिकारी को आवेदन सौंपकर आवाज उठाई है। पार्षद ने अपने आवेदन में कहा है कि राजकीय मलमास मेला के दौरान सड़क किनारे दुकान लगाने वाले गरीब दुकानदारों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। साथ ही जेसीबी से दुकानों को तोड़ा जा रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि इन दुकानदारों की जीविका का मुख्य साधन यही मेला है और इसी कमाई से वे




अपने परिवार का पालन–पोषण, बच्चों की पढ़ाई, दवाई एवं बेटियों की शादी जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि राजगीर में यह मेला तीन वर्ष पर आयोजित होता है और स्थानीय दुकानदारों को इस मेले से काफी उम्मीद रहती है। यदि इसी प्रकार प्रशासनिक कार्रवाई जारी रही तो गरीब परिवारों के सामने आर्थिक संकट और भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पार्षद अजय कुमार ने अनुमंडला. धिकारी से मांग की है कि गरीब एवं बेरोजगार फुटपाथी दुकानदारों को कानून व्यवस्था का पालन करते हुए सड़क किनारे दुकान लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवनयापन कर सकें।

# समग्र शिक्षा में प्रशिक्षण और कंटिंजेंसी भुगतान में गड़बड़ी का आरोप, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा विभाग से की जांच की मांग

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रशिक्षण एवं कंटिंजेंसी मद में हुए भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग बिहार पटना को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने का अनुरोध किया हैबिहारशरीफ संवाददाता एम फिरदौसी जारी पत्र में आरोप लगाया गया है कि समग्र शिक्षा कार्यालय नालंदा में विभिन्न मदों के भुगतान के लिए कथित रूप से कमीशन की मांग की जाती है और कमीशन मिलने के बाद ही राशि का भुगतान किया जाता है। पत्र में जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोव शाहनवाज आलम तथा अकाउंट ऑफिसर आशीष कुमार का उल्लेख करते हुए वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में प्रशिक्षण और कंटिंजेंसी मद के भुगतान की जांच कराने की मांग की गई है।पत्र में यह भी कहा गया है कि विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण के दौरान खान–पान सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सरकारी राशि आवंटित होती है, लेकिन कई प्रखंडों में कागजों पर ही प्रशिक्षण दिखाकर भुगतान किए जाने का आरोप है। साथ ही कई भुगतान संदिग्ध वाउचर और बिल के आधार पर किए जाने की बात कही गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# नालंदा विवि पथ पर अपराधियों का तांडव पार्किंग में खड़ी गाड़ी को फूंक कर किया राख

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** नालंदा थाना क्षेत्र के कपटिया गांव में सोमवार की रात बेलगाम अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय जाने वाले मुख्य पथ से सटे पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी को अज्ञात समाजकंटकों ने आग के हवाले कर दिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते वाहन जलकर पूरी तरह राख हो गया। वाहन मालिक महेश कुमार ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब एक बजे पड़ोसियों ने गाड़ी में आग लगने की सूचना दी। शोर होने पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पीड़ित महेश कुमार ने रोते हुए बताया कि यही वाहन उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन था, जिसके जल जाने से उनके सामने अब रोजी–रोटी का गहरा संकट खड़ा हो गया है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला वाहन संचालकों के बीच आपसी गुटबाजी या किसी पुराने विवाद का प्रतीत होता है। पीड़ित वाहन मालिक द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिरजान बिगहा में दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला समेत तीन जख्मी

**केशववाणी इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मिरजान बिगहा गांव में सोमवार की देर संध्या दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गया । सभी जख्मियों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से जख्मी सनोज कुमार को बेहतर इलाज के लिए विम्स अस्पताल पावापुरी रेफर कर दिया गया। जख्मी लोगों ने मिरजान बिगहा गांव निवासी रामविलास प्रसाद के 24 वर्षीय पुत्र लालू कुमार, उनकी 22 वर्षीय पत्नी रश्मि देवी तथा दीनानाथ प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त समाचार के अनुसार अत्यधिक गर्मी के कारण लालू कुमार सोमवार की देर संध्या घर की छत को ठंडा करने के लिए पानी छिड़क रहे थे। इसी दौरान पानी गली में गिर गया। बताया जाता है कि उसी समय पड़ोसी रंजीत प्रसाद वहां से गुजर रहे थे और पानी की छींटें उनके शरीर पर गिर गईं। इसे लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसके बाद रंजीत प्रसाद आधा दर्जन लोगों के साथ लाठी–डंडे लेकर लालू कुमार के घर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। घटना में लालू कुमार और उनकी पत्नी जख्मी हो गए। वहीं बीच–बचाव करने पहुंचे सनोज कुमार को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। घटना में लालू कुमार ने मंगलवार को इस्लामपुर थाना में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस घटना की जांच–पड़ताल में जुटी हुई है।

# एसएफसी की धीमी कार्यशैली से पैक्सों को हो रही परेशानी

**केशववाणी कतरीसराय(नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड में धान अधिप्राप्ति करने वाले पैक्स इन दिनों एसएफसी की धीमी कार्यशैली के कारण भारी परेशानी झेल रहे हैं। चावल जमा करने के लिए समय पर अग्रिम स्वीकृत एसटीआर नहीं मिलने से पैक्सों के समक्ष आर्थिक संकट गहराने लगा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि समितियों को डिफाल्टर होने का डर सताने लगा है।जानकारी के अनुसार प्रखंड के कुल पांच पैक्सों द्वारा 3555.146 एमटी धान की खरीद की गई थी। इसके विरुद्ध अब तक मात्र 1334 एमटी यानि लगभग 54 प्रतिशत चावल ही एसएफसी को उपलब्ध कराया जा सका है। शेष चावल गोदामों में पड़ा हुआ है, लेकिन विभागीय स्वीकृति के अभाव में उसका उठाव नहीं हो पा रहा है। पैक्स अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, सुधीर कुमार ने बताया कि इस वर्ष एसएफसी विभ. ागीय अधिकारियों की कछुआ चाल के कारण चावल जमा करने के लिए अग्रिम स्वीकृत एसटीआर समय पर जारी नहीं किया जा रहा है। इसके चलते पैक्स समय से चावल उपलब्ध कराने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय उदासीनता का खामियाजा समितियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चावल जमा नहीं होने से एक ओर गोदामों में भंडारण की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं दूसरी ओर समितियों पर बैंक ऋण और ब्याज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। पैक्सों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है तथा समय पर एसटीआर नहीं मिलने के कारण डिफाल्टर घोषित होने का भय भी बना हुआ है। पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि यदि शीघ्र ही एसटीआर जारी नहीं किया गया तो समितियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इससे आने वाले समय में धान अधिप्राप्ति व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है। बीसीओ अमरजीत कुमार ने बताया कि विभागीय स्तर पर एसटीआर निर्गत कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी गई है तथा जल्द ही स्वीकृति मिलने के बाद शेष चावल भी एसएफसी को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# मुख्य सड़क पर व्यवसाय में धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस का उपयोग



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पर्यटक नगरी में इन दिनों मेला के कारण मुख्य सड़क से लेकर अन्य रास्तों में भी छोटे–मोटे रा. `जगार करने वाले लोग अपनी दुकान खोल दिये हैं। एक तरफ प्रशासन व सरकार लोगों को गैस 28 दिनों के बाद ही दे रही है। कम खपत करने की सलाह दी जा रही है। इसके बाद प्रशासन की अनदेखी के कारण शहर में धड़ल्ले से मुख्य सड़क पर ही खुले में घरेलू गैस सिलेंडर रखकर ठेलों पर इसका उपयोग व्यवसाय में किया जा रहा है। हालांकि उसी रास्ते से होकर शाम होने के बाद जिला से लेकर अनुमंडल के वरीय प्रशासन की गाड़ी गुजरती है पर इन बातों पर उनको कोई लेना देना नहीं है। आम लोगों को तो कहा जाता है कि गैस उठाव के 28 दिन बाद ही दोबारा से नम्बर लगेगा। लोगों ने कहा कि ऐसे लोगों को गैस कहां से मिल रहा है। वहीं प्रशासन इनको अनदेखी कैसे कर रही है इसका उनको समझ नहीं आ रहा है।

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

# शोभा सम्राट थिएटर के पीछे शराब की बोतल मिलने से मचा हड़कंप

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** नालन्दा में शोभा सम्राट थिएटर के पीछे शराब की बोतल मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने जब थिएटर के पीछे खाली शराब की बोतल देखी तो इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा शराब का सेवन करने के बाद बोतल को थिएटर के पीछे फेंक दिया गया था। घटना के बाद इलाके में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियों पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है ताकि शराब सेवन करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।



# 48 घंटे के भीतर लूटकांड का खुलासा, एक अपराधी गिरफ्तार

**केशववाणी इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर के खोदागंज थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए महज 48 घंटे के भीतर लूटकांड का उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है तथा लूट में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, लूटे गए रुपयों में से तीन हजार रुपये और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद मामले को चुनौती के रूप में लेते हुए विशेष टीम का गठन किया गया था। दो अलग–अलग टीमों ने लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले का सफल उद्भेदन किया।गिरफ्तार अप. राधी की पहचान थाना क्षेत्र के गोपलचक गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र रामप्रवेश कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर लूटी गई स्कूटी एवं नकद राशि बरामद की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# पंचायत स्तर पर लगे सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, हजारों आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन

**केशववाणी बिहारशरीफ(नालंदा)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को नालंदा जिले के विभिन्न पंचायतों में "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि की अध्यक्षता में चंडी प्रखंड के अरौत पंचायत सरकार भवन एवं रहुई प्रखंड के दोसूत पंचायत स्थित ग्राम देवबिगहा में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और लाभुकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। अरौत पंचायत में आयोजित शिविर में पीएचईडी, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, राशन कार्ड, पा. रिवारिक लाभ, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, कृषि एवं सहकारिता विभाग से संबंधित कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका ऑन द स्पॉट निष्पादन कर लाभुकों को जानकारी दी गई। वहीं दोसूत पंचायत में आयोजित शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पंचायत राज, श्रम परिवर्तन, इंदिरा आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 36 आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने स्वयं शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के चार लाभुकों, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के दो लाभुकों एवं राशन कार्ड से जुड़े दो लाभुकों के बीच स्वीकृति एवं आवश्यक प्रमाण पत्र वितरित किए।



सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम नागरिकों को छोटी–छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल पा रहा है। जिलेभर में आयोजित सहयोग शिविरों में कुल 3,027 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2,442 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 449 आवेदन लंबित हैं और 136 आवे. दनों को आवश्यक कारणों से अस्वीकृत किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# नए बिलिंग सिस्टम माइग्रेशन के कारण 20 मई

## शाम 7 बजे से 22 मई सुबह 8 बजे तक ऑनलाइन सेवाएं रहेंगी अस्थायी रूप से बंद

**केशववाणी (नालंदा)।** उपभोक्ताओं को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा नए बिलिंग सॉफ्टवेयर में माइग्रेशन का कार्य किया जा रहा है। इस तकनीकी कार्य के कारण 20 मई 2026 की शाम 7 बजे से 22 मई 2026 की सुबह 8 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं से संबंधित सभी ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इस अवधि के दौरान बिजली बिल भुगतान, स्मार्ट प्रीपेड रिचार्ज, नया विद्युत कनेक्शन, लोड एवं नाम परिवर्तन, बिल सुधार सहित अन्य ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे आवश्यक बिजली बिल भुगतान एवं स्मार्ट प्रीपेड रिचार्ज निर्धारित समय से पूर्व कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। कंपनी के अनुसार माइग्रेशन कार्य पूर्ण होने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षित, तेज एवं आधुनिक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उपभोक्ताओं को होने वाली अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए कंपनी ने बेहतर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सहयोग की अपेक्षा की है।




